## छात्र हित में हिंदी वि.वि. के विद्यार्थियों का निष्कासन वापस

वर्धा, 13 अक्टूबर 2019। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में आज दिनांक 13-10-2019 को विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाताओं, कुलानुशासक, छात्रावास अधीक्षकों व अन्य संबंधितों के साथ हुई बैठक में दिनांक 09.10.2019 को निष्कासित विद्यार्थियों का निष्कासन छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए और अनुशासन तथा पठन-पाठन के वातावरण को बनाए रखने के लिए वापस लिया गया। कुलपति ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान में अपने विद्यार्थियों को यदि हम उनकी गलतियों के लिए दंडित करते हैं तो उनमें सुधार लाने और अध्ययन के अधिकतम अवसर उपलब्ध कराने का यत्न भी करते हैं।

बैठक में दिनांक 09.10.2019 को निष्कासित विद्यार्थियों के संदर्भ में विस्तार से विचार-विमर्श के उपरांत उक्त घटना के व्यापक कारणों का पता लगाने, घटना में सम्मिलित हुए लोगों की पहचान करने तथा संबंधित विद्यार्थियों का पक्ष सुनने के लिए व्यापक स्तर पर जांच समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। जाँच समिति में समस्त संवर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले अध्यापकों/अधिकारियों को शामिल किया जाएगा।

## विद्यार्थ्यांचे हित लक्षात घेत हिंदी विश्वविद्यालयातील विद्यार्थ्यांचे निष्कासन परत

वर्धा, 13 ऑक्टोबर 2019 : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा चे कुलगुरु प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल यांच्या अध्यक्षतेखाली आज दिनांक 13-10-2019 रोजी विश्वविद्यालयातील समस्त अधिष्ठाता, कुलानुशासक, वसतिगृह अधीक्षक आणि इतर संबंधितांबरोबर झालेल्या बैठकीत दिनांक 09.10.2019 रोजी निष्कासित विद्यार्थ्यांचे निष्कासन विद्यार्थ्यांचे भविष्य ध्यानात घेत आणि अनुशासन तथा अध्ययन-अध्यापनाचे वातावरण कायम ठेवण्याकरिता परत घेतले आहे. कुलगुरु म्हणाले की शैक्षणिक संस्थांमध्ये आपल्या विद्यार्थ्यांना जर आपण त्यांच्या चुकांकरिता दंडित करतो तसेच त्यांच्यामध्ये सुधारणा करणे आणि अध्ययनाकरिता अधिकतम संधी उपलब्ध करण्याचे प्रयत्नही करतो.

बैठकीत दिनांक 09.10.2019 रोजी निष्कासित विद्यार्थ्यांच्या संदर्भात विस्ताराने विचार-विमर्श केल्यानंतर त्या घटनेच्या व्यापक कारणांचा शोध घेणे, घटनेत सामिल झालेल्या लोकांची ओळख पटविणे तथा संबंधित विद्यार्थ्यांची बाजू ऐकून घेण्यासाठी व्यापक स्तरावर चौकशी समिती गठित करण्याचा निर्णय घेण्यात आला. चौकशी समितीत समस्त संवर्गांचे प्रतिनिधित्व करणारे अध्यापक आणि अधिकारी यांना सामिल करण्यात येईल.